आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 09.11.2026 समय: 18:30 पीएम

- कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों की कीमतों में कटौती-नयी दरें आज से लागू।
- दीपोत्सव की श्रृंखला में आज कई स्थानों पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन।
- राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और लोक-संस्कृति से सैलानियों को रूबरू करवाने के लिए पुष्कर मेले सहित अन्य उत्सवों का आयोजन।
- पश्चिमी राजस्थान सहित कुछ अन्य हिस्सों में नवम्बर महीने में भी दिन के समय तपन-बाड़मेर में पारा 38 डिग्री के पार दर्ज।

000

कैंसर के उपचार की 137 दवाओं की घटी कीमतें आज से लागू हो गई हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण-एन.पी.पी.ए. ने इन दवाओं की अधिकतम खुदरा मूल्य पर मुनाफे की सीमा तय की थी। इसके तहत एक हजार तीन सौ चैसठ एन्टीकैंसर फार्मूलेशन के संशोधित मूल्य आज से प्रभावी हो गये है। कीमतों में इस कटौती से उपभोक्ताओं को सालाना करीब साढे तीन हजार करोड़ रूपये की बचत होने का अनुमान है। उपभोक्ता, दवाओं के पैक पर छपी संशोधित एम.आर.पी. देखकर नई कीमतों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा एन.पी.पी.ए. की अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से भी दवाइयों की कीमतों की पुष्टि की जा सकती है। यह फैसला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है।

000

दीपोत्सव की श्रृंखला में दीपावली के दूसरे दिन आज कई स्थानों पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन हो रहे है। वहीं तिथि वृद्धि के कारण इस बार दीपोत्सव 6 दिवसिय है वहीं कई स्थानों पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट कल मनाया जायेगा। ये पावन पर्व प्रकृति, अन्न और पशुधन के महत्व का संदेश देता है। इस दिन गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा की जाती है तथा परिक्रमा लगायी जाती है। वहीं इसे अन्नकूट, प्रकृति और अन्न के प्रति आभार जताने का प्रतीक माना जाता है। इसी कड़ी में पाली के सांवरिया सेठ मंदिर में आज अन्नकूट का आयोजन किया जा रहा है। वहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्र में किसान और पशुपालक बैलों का श्रृंगार कर रहे है। बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि लोगों ने बडे उत्साह से दुधारू पशुओं का श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की।

सिरोही जिले के आदिवासी अंचल में कुछ स्थानों पर गोर्वधन पूजा के बाद गायों की दौड़ की परम्परा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौड़ को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण इकठ्ठा हुए।

दीपोत्वस की कड़ी में कल और परसो भाईदूज का पर्व मनाया जायेगा। इस बीच प्रदेशभर में दीपावली की रामा श्याम का दौर चल रहा है। लोग एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दे रहे है।

000

प्रदेश में आतिशबाजी करने और पटाखे चलाने के कारण झुलसने के कई हादसे हुए। कोटा में 200 से अधिक लोग जलने और हाथों में पटाखे फटने की घटनाओं के बाद अस्पताल पहुचे। एमबीएस अस्पताल नेत्र रोग विभाग के सिनियर प्रोफेसर डाॅक्टर अशोक मीणा ने बताया कि कई मरीजों का आंखों के नजदीक पटाखे फटने से काॅर्निया भी प्रभावित हुआ। चिकित्सकों ने लोगों से आतिशबाजी के दौरान पूरी सावधानी बरतने की अपील की है।

000

भारतीय जनता पार्टी के नेता और राज्य में केबिनेट मंत्री रहे डाॅ. जसवंत यादव का आज खैरथल-तीजारा जिले के कोटकासिम क्षेत्र में उनके पैतृक गांव सिलपटा में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और ग्रामीण मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और वन मंत्री संजय शर्मा भी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सिलपटा पहुंचकर डाॅ. यादव के अंतिम दर्शन कर श्रृद्धाजलि अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बहरोड़ विधायक जसवंत यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में राज्यपाल ने उनकी आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। गौरतलब है कि डाॅ. यादव का कल जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में निधन हो गया था। वे कैंसर से पीडित थे और लम्बे समय से बीमार चल रहे थे।

000

जोधपुर में वंदे भारत ट्रेनों के लिए विकसित किये जा रहे मेंटेनेंस डिपो के पहले फेज का काम पूरा हो चुका है। करीब 360 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में अलगे चरण का काम तेज़ी से किया जा रहा है। इस डिपो के तैयार होने से जोधपुर में एक साथ तीन वंदे भारत ट्रेनों की जांच और मरम्मत के साथ नियमित रख रखाव किया जा सकेगा। डिपो में अगले साल जून, जुलाई तक ट्रायल शुरू होने की संभावना है।

000

कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को आधुनिक विमानन सुविधाओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य अगले साल अक्टूबर महीने तक पूरा होना प्रस्तावित है। एयरपोर्ट पर 20 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में पैसेन्जर टर्मिनल बिल्डिग का निर्माण किया जायेगा। इसकी यात्री क्षमता प्रतिवर्ष बीस लाख होगी।

इस हवाई अड्डे पर यात्रियों की सुविधा के लिए 12 चैकिंन काउन्टर और 9 सेल्फ चैक-इन कियोस्क बनाए जायंगे, साथ ही स्वचालित बैगेज हैण्डलिंग सिस्टम की सुविधा भी विकसित की जायेगी। एयरपोर्ट पर आधुनिक एयर ट्रेफिक कंट्रोल के लिए तीन मंजिला तकनीकी ब्लाक भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा रिन्युएबल एनर्जी को ब□ावा देने के उद्देश्य से एक मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लाट भी लगाया जायेगा जो एयरपोर्ट की वार्षिक

ऊर्जा खपत का 25 प्रतिशत हिस्सा सौर ऊर्जा से पूरा करेगा। इस प्रकार कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ ही ऊर्जा दक्षता को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है।

000

पश्चिमी राजस्थान सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में नवम्बर महीने में भी दिन के समय तपन महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर दिन का तापमान सामन्य से अधिक बना हुआ है। बीते 24 घंटों में जयपुर, चित्तौडगढ़, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर और चूरू सहित कई शहरों में अधिकतम तपमान सामन्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। वहीं बाड़मेर में पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। उधर सीकर और सिरोही में सुबह और रात के समय हल्की ठण्ड बरकरार है। आबूराज में गुलाबी ठण्ड का लुत्फ लेने के लिए नक्कीझील और आस-पास के क्षेत्र में काफी चहल-पहल बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठण्ड का प्रभाव नवम्बर के तीसरे सप्ताह से नज़र आने के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान में एन्टी साईक्लोनिक सिस्टम के कारण उत्तरी हवाएं कमजोर पडने से नवम्बर महीने में भी गर्मी का अहसास हो रहा है।

000

प्रदेश में 1 अक्टूबर से शुरू हुए नये पर्यटन सत्र के बाद प्रमुख शहरों में देशी-विदेशी सैलानियों की अच्छी आवक हो रही है। पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार है। इसी कडी में नवम्बर महीने में भी विभिन्न उत्सवों का आयोजन होने जा रहा है। पुष्कर मेले की शुरूआत कल से होने जा रही है। विभिन्न स्थानों से पशुपालक मवेशियों की खरीद फरोख्त के लिए मेला ग्राउण्ड पहुंच रहे है। मेले मंे सांस्कृतिक उत्सव की शुरूआत 17 नवम्बर से होगी। इस दौरान पारम्परिक प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। राज्य में पर्यटन को ब□ावा देने और लोक संस्कृति से सैलानियों को रूबरू करवाने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग की ओर से नवम्बर महीने में कई मेलो और उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है। इस पर और ब्यौरा समाचार कक्ष से -

000

आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस है। समाज के कमजोर और वंचित वर्गो तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ये दिन मनाया जाता है। एक रिपोर्ट

000